196671 - पिता की संपत्ति के बंटवारे से पहले ही बेटे की मृत्यु हो गई, तो क्या पोते-पोतियों को मीरास से हिस्सा मिलेगा?

प्रश्न

क्या मेरे मृत भाई – जो मेरे पिता के माध्यम से मेरे भाई हैं – के वारिसों को मेरे पिता की मृत्यु के बाद मीरास में हिस्सा मिलेगा? ज्ञात रहे कि मेरे पिता की ओर से मेरे भाई की मृत्यु मेरे पिता की मृत्यु के बाद हुई है। तो क्या उसके बच्चे हमारे साथ हमारे पिता की विरासत में हिस्सा पाएँगे, या नहीं?

विस्तृत उत्तर

यदि किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है और उसके बच्चे हैं। फिर उसकी संपत्ति के बंटवारे से पहले उसके बच्चों में से एक की मृत्यु हो जाती है, तो उसके पिता की विरासत में से उस बेटे का हिस्सा उसकी मृत्यु के कारण समाप्त नहीं होता है। बल्कि तुम्हारे पिता की संपत्ति को उसके सभी वारिसों में विभाजित किया जाएगा, जिनमें यह भाई भी शामिल है जो मर गया, मानो वह जीवित हो। फिर तुम्हारे इस भाई का हिस्सा उसके वारिसों : उसकी पत्नी, उसके बच्चों और इसी तरह उसके शेष सभी शरई वारिसों को दिया जाएगा।

और अल्लाह तआला ही सबसे अधिक ज्ञान रखता है।